तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 21 नवंबर 2025

11 मार्गशीष अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने पिंडारा तीर्थ...



11 प्रत्येक विद्यार्थी को प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी...



## खबर संक्षेप

### धमकी दे जमीन पर कब्जा करने पर पांच नामजद

**जींद।** गांव ईगराह में जमीन पर जबरन कब्जा करने तथा विरोध करने पर असलहा दिखा कर धमकी देने पर सदर थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गांव कुकरकंडा में रात्रि प्रवास कार्यक्रम 26 को

**कैथल।** एडीसी सुरेश राविश ने कहा कि 26 नवंबर को दोपहर बाद 2 बजे राजौंद खंड के गांव कुकरकंडा के राजकीय स्कूल में रात्रि प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्कीमों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी जाएगी।

### अपहरण कर मारपीट के चार आरोपित काबू

**जींद।** अलेवा पुलिस ने अपहरण कर बेरहमी से मारपीट करने के चार आरोपितों को काबू अदालत में पेश किया। जहां से अदालत ने दो आरोपितों को एक दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। जबकि दो आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर वारदात में प्रयोग गाड़ी को भी बरामद किया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है।

### 505 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** 505 ग्राम अफीम बरामदगी मामले में सीआईए-1 पुलिस ने तस्कर से रिमांड दौरान पूछताछ उपरांत सप्लायर आरोपी पुलिस भी काबू कर लिया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई जसवंत की अगुवाई में एएसआई कमलजीत की टीम ने सूचना के आधार पर कैथल बाईपास करनाल रोड ब्रिज के पास से स्कूटी पर नशा तस्करी कर रहे आरोपी लाल गौरव को काबू किया गया था।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस दर्ज

**जींद।** गांव खरैंटी में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर जुलाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव खरैंटी निवासी परमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव के ही रणबीर परिवार से रंजिश चली आ रही है। उसी रंजिश के चलते आरोपितों ने उसे पर हमला कर घायल कर दिया।

### कातिलाना हमले में असला सप्लायर गिरफ्तार

**कैथल।** युवक को गोली मारकर हमला करने के मामले की जांच थाना शहर प्रबंधक इंस्पेक्टर गीता की अगुवाई में इंस्पेक्टर वेदपाल की टीम ने असला सप्लायर आरोपी गांव खुराना निवासी राहलु को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ढिल्लोवाली निवासी रवि प्रकाश की शिकायत अनुसार वह गांव में करियाणा की दुकान चलाता है।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** गांव मलार से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मलार निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी साढ़े 16 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

### हजारों के बिजली उपकरण चुराए

**कैथल।** खरकड़ा रोड भूना से कर बिजली निगम के हजारों के उपकरण चुरा कर ले गई। उप मंडल अभियंता भारत भूषण काला ने थाना सीवन मे दी शिकायत में बताया कि 28 अक्टूबर की रात को खरकड़ा रोड भुना के पास निगम का 630 मीटर का एसीएसआर कंडक्टर चुरा कर ले गए।

# कुरुक्षेत्र गीता जयंती महोत्सव को लेकर रेलवे चलाएगी स्पेशल रेलगाड़ी

## स्पेशल ट्रेन चलने से कुरुक्षेत्र जाने वाले यात्रियों को होगा फायदा

**120 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में होगी तय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कुरुक्षेत्र गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष में रेलवे ने यात्रियों के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन नंबर 04481-82 जींद-कुरुक्षेत्र स्पेशल ट्रेन का संचालन 22 नवंबर, 23 नवंबर, 25 नवंबर, 29 नवंबर, 30 नवंबर व पांच दिसंबर को रहेगा। जींद से कुरुक्षेत्र की दूरी लगभग 120 किलोमीटर है। ट्रेन में यह सफर यात्री तीन घंटे में तय कर पाएंगे।



**जींद।** जंक्शन पर खड़ी रेलगाड़ी।

पिछले वर्षों की तरह अभी रोडवेज की ओर से कुरुक्षेत्र गीता जयंती समारोह के लिए कोई स्पेशल बस नहीं चलाई गई है। ऐसे में जींद से कुरुक्षेत्र गीता जयंती में जाने वाले यात्रियों के लिए यह बड़ी राहत है।

**चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन**

जींद रेलवे स्टेशन अधीक्षक जेएस कुंडू ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित गीता जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में जींद से कुरुक्षेत्र के लिए स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। 22 नवंबर से यह ट्रेन चलेगी जो 5 दिसंबर तक 6 दिन तक आवागमन करती है। ऐसे में यात्रियों को लाभ होगा।

ट्रेन नंबर 04482 जींद से सुबह साढ़े दस बजे रवाना होगी। जो उचाना, घसो, नरवाना, कलायत, कैथल, टीक के रास्ते दोपहर एक बजकर 20 मिनट पर कुरुक्षेत्र पहुंचेगी। वहीं ट्रेन नंबर 04481 कुरुक्षेत्र से दोपहर दो बजे जींद के लिए रवाना होगी। जो वापसी में शाम को लगभग पांच बजे जींद जंक्शन पर पहुंचेगी। कुरुक्षेत्र धार्मिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण स्थान है। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार यहां कौरवों और पांडवों का युद्ध हुआ था और भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को भगवद्गीता का ज्ञान दिया था। भगवद्गीता को जीवन का परम मार्गदर्शन ग्रंथ माना जाता है। कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव मनाया जाता है। तीर्थयात्री ब्रह्मसरोवर और सन्निहित जैसे पवित्र सरोवरों में स्नान करते हैं। गीता जंयती महोत्सव के दौरान श्लोक गायन, भजन, कथा वाचन, नृत्य प्रदर्शन और पुस्तक प्रदर्शनी जैसी गतिविधयां होती है। जिसको देखने जगह-जगह से श्रद्धालु कुरुक्षेत्र पहुंचते हैं।

**जींद से कुरुक्षेत्र तीन पैसेंजर ट्रेन**

अभी हाल में जींद से कुरुक्षेत्र रूट पर तीन पैसेंजर ट्रेन चलती हैं। इसमें पहली ट्रेन 54038 जींद-कुरुक्षेत्र पैसेंजर ट्रेन सुबह सुबह पांच बजकर 25 मिनट पर चलती है। जो आठ बजकर 50 मिनट पर कुरुक्षेत्र पहुंचती है। इसके बाद ट्रेन नंबर 54040 सुबह आठ बजकर 40 मिनट पर जींद से चलकर सुबह लगभग साढ़े 11 बजे कुरुक्षेत्र पहुंचती है। इसके अलावा ट्रेन नंबर 54048 शाम पांच बजकर 50 मिनट पर जींद से चलती है। जो रात नौ बजकर 20 मिनट पर कुरुक्षेत्र पहुंचती है। वहीं कुरुक्षेत्र से वापसी में ट्रेन नंबर 54037 नौ बजकर 20 मिनट पर चलती है। दोपहर लगभग सवा 12 बजे जींद पहुंचती है। इकसे अलावा शाम छह बजकर 20 मिनट पर ट्रेन नंबर 54041 चलती है। जो रात को लगभग नौ बजे जींद पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 54047 रात दस बजे कुरुक्षेत्र से चलकर सुबह लगभग सवा 12 बजे जींद पहुंचती है।

### मरीज हर दिन बंदरों के आतंक का हो रहे शिकार

# नागरिक अस्पताल से बंदरों का आतंक नहीं हो रहा खत्म

## स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ 2020 से लगातार नप को लिख रहा पत्र, 40वां रिमाइंडर भेजा

**कई बार कंपयूटर सहित रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद जींद, उपायुक्त को पत्र भेज कर बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात कही जा रही है लेकिन अस्पताल बंदरों के आतंक से मुक्त नही हो पा रहा है। जिस पर संघ द्वारा उपायुक्त के संज्ञान में भी मामला लाया गया है। एक बार फिर से स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ ने 40वां रिमाइंडर भेज समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई है। स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रधान राममेहर वर्मा ने बताया कि संघ द्वारा वर्ष 2020 से लगातार नगर परिषद को पत्र लिखे जा रहे हैं कि अस्पताल में बंदरों का आतंक है और आए दिन बंदर किसी न किसी को काट रहे हैं। इसके अलावा कार्यालयों के अंदर पहुंच कर भी नुकसान पहुंचा रहे हैं लेकिन इस समस्या पर कोई संज्ञान नही लिया गया है। अस्पताल परिसर में बंदरों की संख्या इतनी है कि इन्हेंभगाना भी नामुमकिन है। झुंड के झुंड बंदरों के नागरिक अस्पताल में हर समय बैठे देखे जा सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी बंदर काटने से चूकते नही हैं। जिसके कारण नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है।





**जींद।** अस्पताल में बंदरों को भगाते स्वास्थ्यकर्मी व मौजूद बंदरों का झुंड।

**बार-बार गुहार**

बार-बार गुहार लगाए जाने के बाद 23 फरवरी को 14 बंदर, तीन मार्च को आठ बंदर, पांच मार्च को दो बंदर पकड़ने वाली टीम नागरिक अस्पताल आई थी और बंदर पकड़े थे लेकिन आजतक भी टीम दोबारा बंदर पकडने के लिए नही आई है।

**मरीज हो रहे परेशान**

आए दिन ये बंदर किसी न किसी व्यक्ति पर हमला करके उसको घायल कर रहे हैं। कई बार तो बंदर नागरिक अस्पताल में दाखिल मरीजों के बिस्तर पर पहुंच कर मरीज को घायल कर चुके हैं और अनेक बार कमरों में घुस कर कंपयूटर सहित नागरिक अस्पताल के रिकार्ड को नष्ट भी कर चुके हैं। इस समस्या के समाधान हेतू कई बार नगर परिषद के अधिकारियों को गुहार लगाई जा चुकी है। परंतु अभीतक कोई समाधान नही हुआ है। वर्मा ने बताया कि उपायुक्त ने इस मामले में स्व संज्ञान लेते हुए नप अधिकारियों को आदेश दें कि अस्पताल में स्पेशल तौर पर बंदर पकड़ो अभियान चलाया जाए ताकि नागरिक अस्पताल में कार्य करने वाने चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी व आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस कर सकें।

# घर में घुस बालिका का गला रेता, गंभीर

## चेहरा ढांपे किशोर ने दिया अजांम, लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंपा

**पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दर्ज किया मामला, पूछताछ जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

नरवाना स्थित प्रीतमवाला बाग हरीनगर में बीती देर शाम को युवक ने घर में घुस कर एक बालिका का तेजधार हथियार से गला रेत दिया। बालिका को गंभीर हालात में अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर किया गया है। पुलिस ने बालिका के पिता की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मूलतः गांव ढाकल हाल आबाद नरवाना स्थित प्रीतमवाला बाग हरीनगर निवासी बृजेश की पत्नी सुमनलता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह तथा उसका पति मकान की दूसरी मंजिल पर थे। उसकी पांच वर्षीय बेटी दिव्या तथा छोटा बेटा नीचे कमरे में खेल रहे थे। उसी दौरान चेहरा ढांपे किशोर कमरे में घुस आया और उसकी बेटी दिव्या का गला चाकू से रेत दिया। हालातों को देख उसका बेटा उपर आया और अपनी बहन पर हुए हमले के बारे मे बताया। जिस पर दंपत्ति दौड़ता हुआ नीचे आया। सुमन ने बेटी को हमलावर की चंगुल से छुडवाया तो हमलावर ने सुमन को भी दबोच लिया।



जानकारी देते बच्ची के माता-पिता।

**जांच जारी**

पति द्वारा शोर मचाए जाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और हमलावर को काबू कर पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीर हालात मे बालिका को नागरिक अस्पताल नरवाना ले जाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी गभीर हालात देख अग्रोहा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। पुलिस पूछताछ मे पकड़े गए हमलावर की पहचान हनुमान नगर निवासी 16 वर्षीय के रूप में हुई। सुमन की शिकायत पर शहर थाना नरवाना पुलिस ने किशोर के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत विभिन्न धाराओ के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। शहर थाना नरवाना के जांच अधिकारी भीम सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार कुछ दिन पहले ही मकान में रहने आया है। आरोपित के साथ कोई रंजिश भी नही है। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया है। आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## ढांड में पनप रही अवैध कालोनी में चलाया पीला पंजा

**ढांड।** जिला नगर योजनाकार प्रवीण ने बताया कि कार्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से ढांड राजस्व संपदा में पनप रही अवैध कालोनी में तोड़फोड़ की कार्यवाही क। अवैध कालोनी में कार्यवाही एचडीआर एक्ट 1975 के प्रावधान अनुसार की गई। इस कार्रवाई के दौरान हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड के एसडीओ नरेंद्र बतौर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट तैनात रहे। जिला नगर योजनाकार प्रवीण ने बताया कि ढांड राजस्व संपदा में ढांड में 2.5 एकड़ में पनप रही अवैध कालोनी का मामला संज्ञान में आया। जिसके बाद कार्यालय द्वारा भूस्वामियों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर अवैध कालोनियों को रोकने के आदेश दिए थे। परंतु भू-स्वामियों द्वारा ना तो मौके पर बनाई जा रही अवैध कालोनी के निर्माण कार्य को रोका गया।



**ढांड।** अवैध कब्जे को हटाती जेसीबी। *फोटो :हरिभूमि*

# पूर्व सैनिक के मकान में जेवर व नकदी चुराकर लगाई आग

- पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद/जुलाना

जुलाना के वार्ड नंबर 12 में बीती रात चोरों ने मकान से दो लाख की नगदी, सोना, चांदी के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर आग लगा दी। जुलाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी, आगजनी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वार्ड 12 निवासी पूर्व सैनिक रामधारी ने पुलिस को दी शिकायत



में बताया कि बीती रात चोर मकान में घुस गए और कमरे का ताला तोड़ लिया। जहां से चोरों ने अलमारी में रखी दो लाख रुपये की नगदी, एक किलोग्राम चांदी के जेवरात, सोने के आभूषण व अन्य सामान चोरी कर लिया। बाद में चोरों ने कमरे में आग लगा दी और फरार हो गए। जिसमें कमरे में रखा अन्य सामान भी जल गया। घटना की सुबह उस समय पता चला जब उनके मकान में आग से धुआं भर गया।

### गांव नरड़ में करीब 34 वर्षीय विवाहिता की मौत

**कैथल।** तितरम थाना क्षेत्र के गांव नरड़ में करीब 34 वर्षीय विवाहिता की मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने ससुरालियों पर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है।

इस संबंध में मृतका के भाई गुरुग्राम के कमल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन सीमा की शादी करीब 4 साल पहले गांव नरड़ में संदीप से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद तक ससुराल वालों ने उसे ठीक रखा, लेकिन बाद में उसे दहेज की मांग करते हुए मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। पति, सास व अन्य ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट की। विवाहिता से कभी मोटरसाइकिल, तो कभी अंगूठी-सोने की चेन मांगी जा रही थी। इस संबंध में उन्होंने कई बार ससुरालियों को समझाया, लेकिन वे नहीं माने।

# घर में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

**पति समेत पांच पर दहेज हत्या का मामला दर्ज, जांच जारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव काकड़ौद में दहेज उत्पीड़न से आहत महिला के संदिग्ध हालात में फांसी का फंदा लटकता मिला है। उचाना थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर पति समेत पांच लोगों पर दहेज हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव काकडौद निवासी प्रदीप की पत्नी पूजा (25) ने बीती देर शाम अपने कमरे में संदिग्ध हालात के चलते फांसी के फंदे पर लटकता पाया गया। घटना की सूचना पाकर मृतका का मायका पक्ष तथा उचाना थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा ले शव का पोस्टमार्टम के लिए नरवाना नागरिक अस्पताल पहुंचाया। मृतक के भाई गांव मुकलान निवासी नितिश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बहन पूजा की शादी 21 दिसंबर 2021 को गांव काकड़ोद निवासी प्रदीप के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन पूजा का दहेज को लेकर परेशान करते थे। पूजा ने वैवाहिक जीवन में दस माह पहले एक लड़के को जन्म दिया था। बावजूद इसके दहेज का लेकर पूजा का उत्पीडऩ जारी रखा। नितीश ने आरोप लगाया कि दहेज की डिमांड पूरी न होने पर उसकी बहन की योजनाबद तरीके से हत्या कर शव का फांसी के फंदे पर लटकाया है।

**संदिग्ध परिस्थितियों में खाया जहरीला पदार्थ, युवती की मौत**

**जींद।** गुरुद्वारा कॉलोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने धोखे से जहरीला पदार्थ निगल लिया। युवती को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतका के शव का वीरवार को पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के अनुसार गुरुद्वारा कॉलोनी निवासी 20 वर्षीय हंसु को गत 18 नवंबर को अचानक सिर में दर्द हो गया। इसके बाद उसने घर में रखी जहरीली दवाई धोखे से खा ली। जिस पर उसकी तबीयत बिगड़ गई और उसे निजी अस्पताल ले गए। जहां वीरवार को उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना मिलते ही शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जांच अधिकारी राजीव ने बताया कि मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नही लगाए हैं।

### नशीला पदार्थ सुंघा सोने की चूड़ी चोरी का आरोपी दबोचा

**कैथल।** नशीला पदार्थ सुंघाकर महिला से सोने की चूड़ियां चोरी के मामले में कार्रवाई करते एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा दूसरे आरोपी को काबू किया है। आरोपी के खिलाफ इससे पूर्व विभिन्न जिलों में चोरी, सनेचिंग, धोखाधड़ी के करीब 19 मामले दर्ज है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सुशीला देव निवासी जोशियान मोहल्ला कैथल की शिकायत अनुसार 22 अक्टूबर की सुबह 8:45 बजे जब वह बड़ी देवी मंदिर जा रही थी, तभी शीतलपुरी मंदिर के सामने, स्कूल के पीछे ट्रांसफार्मर के पास एक स्कूटर सवार युवक ने मार्केट कमेटी का रास्ता पूछने के बहाने उन्हें रोका। इसके बाद युवक ने एक कागज दिखाते पूछा कि इस पर कोई नंबर लिखा है या नहीं। उसी दौरान उसका एक साथी भी मौके पर आ गया। जैसे ही उन्होंने कागज हाथ में लिया।

**परेशानी** | एसडीएम ने महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को दिए आदेश

# कैथल: भाई उदय सिंह किला पर मनाया जाएगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

**श्रीमद् भगवद गीता पर सेमिनार, प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का होगा आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसडीएम अजय सिंह ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस बार भी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन भाई उदय सिंह किला पर किया जाएगा। कार्यक्रम में श्रीमद् भगवद् गीता पर सेमिनार, प्रतियोगिता, प्रदर्शनी व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके साथ ही क्रॉफ्ट दुकाने व खाद्य सामग्री के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। गीता जयंती महोत्सव को लेकर सभी संबंधित विभाग अपने अपने विभाग से संबंधित तैयारियों शुरू कर दें। महोत्सव को पूरी गरिमा एवं श्रद्धा भाव से मनाया जाए। सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाएं इसमें बढ़चढ़ कर सक्रियता से भाग लें।



**कैथल।** एसडीएम अजय सिंह अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

**28 नवंबर को गीता सेमिनार**

एसडीएम अजय सिंह वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर को गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 29 नवंबर को भाई उदय सिंह किला पर गीता यज्ञ से गीता जयंती महोत्सव की विधिवत शुरुआत होगी। इसी दिन विद्यार्थियों के बीच रंगोली, क्राफ्ट, स्केच, श्लोक उच्चारण, गीता प्रस्ताव और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही क्राफ्ट मेला, गीता पर आधारित प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर गुहला चीका एसडीएम कैप्टन प्रमेश, कलायत एसडीएम अजय हुड्डा, डीएसपी सुशील प्रकाश, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, जिला उच्च शिक्षा अधिकारी डा. मनोज कुमार, डीईओ सुरेश कुमार, रेडक्रास सोसायटी सचिव रामजी लाल सहित अन्य अधिकारी एवं सामाजिक संस्थाओं से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर से टैंकर जोड़ डीजल वितरण पर दो फर्मों समेत तीन पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**गांव-गांव घूम कर बिना नंबर के ट्रैक्टर से वितरण किया जा रहा था डीजल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव नगूरां तथा आसपास के इलाके में बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर से टैंकर जोड़ डीजल वितरण करने पर अलेवा थाना पुलिस ने दो फर्म मालिकों समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, आवश्यक वस्तु कालाबाजारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एएसएफओ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नगूरां फिलिंग स्टेशन के मालिक ने विभाग को दी शिकायत में बताया था कि उनके इलाके में बिना नंबर प्लेट के ट्रैक्टर के साथ जुड़े टैंकर से डीजल वितरण किया जा रहा है। जिसके पीछे मशीन भी लगी हुई है। जो इलाके में घूम कर वाहनों को डीजल बेचता है। शिकायत के आधार पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर, टेंकर के साथ काबू कर लिया लेकिन चालक वहां से खिसकने में कामयाब हो गया। जांच के दौरान सामने आया कि ट्रैक्टर तथा टैंकर मैसर्ज जींद बायो एनर्जी ढाठरथ के नाम मिला। जबकि डीजल मडौत्रा फिलिंग स्टेशन ढाठरथ का पाया गया। ट्रैक्टर के पास डीजल वितरण का लाइसेंस भी नही पाया गया।

## खबर संक्षेप



कैथल। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### गौरव स्कूल रोहेड़ा की खुशी ने पाया तृतीय स्थान

**राजौंद।** गांव रोहेड़ा के गौरव स्कूल की छात्रा खुशी ने ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय व अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य दर्शन सिंह मौण ने छात्रा खुशी और उनकी विज्ञान अध्यापिका रिंकी बिडान को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता खुशी की मेहनत और शिक्षिका के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का परिणाम है और यह अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। उन्होंने कहा कि सभी अन्य विद्यार्थियों को खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के साथ-साथ पढ़ाई में भी अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए।

### कार की चपेट में आने से ऑटो चालक घायल

**कैथल।** कैथल ढांड रोड पर टैगोर पब्लिक स्कूल के निकट कार की चपेट में आने से एक ऑटो चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। ढांड रोड कैथल के मोहनलाल ने सिविल लाइन कैथल पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 नवंबर को जब वह ढांड रोड कैथल से जा रहा था तो एक अज्ञात कर चालक ने अपनी कर को तेज गति और लापरवाही से चलते हुए उसके ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में वह बुरी तरह से जख्मी हो गया तथा उसका ऑटो भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### रसूलपुर में झगड़ा एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** जिले के गांव रसूलपुर में तीन व्यक्तियों द्वारा लाठी और विंडो से मारपीट करते हुए एक व्यक्ति को घायल कर दिया। इस संबंध में गांव रसूलपुर के चंद्रभान ने ढांड पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 5 नवंबर को जब वह अपने खेत से जा रहा था तो गांव के ही हरपाल, अजय कुमार तथा संजीव कुमार नामक तीनों भाइयों ने मिलकर उसे पर लाठी और विंडो से मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया। हेड कांस्टेबल नरेंद्र ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गांव करोड़ा में मारपीट महिला जख्मी

**कैथल।** गांव करोड़ा में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इस संबंध में गांव करोड़ा की मीना ने थाना पूंडरी पुलिस को शिकायत में बताया कि 18 नवंबर को जब वह गांव से जा रही थी तो गांव के ही ओमप्रकाश, अजमेर, राजपाल, सोनू और बलिंदर ने उसका रास्ता रोकते हुए उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया।



### सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता में जाट कॉलेज प्रथम

**कैथल।** पुलिस विभाग कैथल द्वारा राजकीय आईटीआई कैथल के सभागार में कॉलेज लेवल खंड स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कॉलेज जगदीशपुर, आईजी कॉलेज, आरकेएसडी कॉलेज, जाट कॉलेज व राजकीय आईटीआई कैथल के संस्थान स्तर के विजेता छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा के दौरान थाना यातायात प्रभारी नरेश कुमार व अनुज ग्रोवर हेड कांस्टेबल इंचार्ज रोड सेफ्टी प्रतियोगिता ने दौरा किया। प्रतियोगिता में जाट कालेज की रमन, प्राची और साहिल की टीम प्रथम, आइजी कालेज की अंजली साक्षी ओर रिमझिम की टीम द्वितीय तथा राजकीय आईटीआई कैथल की जसमेर, साहिल तथा काफी की टीम तीसरे स्थान पर रही।

---

जवाहर पार्क से नवग्रह चौक तक जुलूस निकालकर की नारेबाजी

# वोट चोरी, फसल मुआवजे के मुद्दे पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

## कार्यकर्ताओं में नजर आया जोश, राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के जवाहर पार्क से नवग्रह चौंक तक कांग्रेस पार्टी ने वोट चोरी को लेकर धरना व विरोध प्रदर्शन किया। जवाहर पार्क से नवग्रह चौंक तक प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस नेताओं ने राष्ट्रपति के नाम एसडीएम साहब को ज्ञापन सौंपा। इस विरोध प्रदर्शन की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह द्वारा व विशेष उपस्थिति में राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला रहे। इसके साथ ही प्रदर्शन में हरियाणा सह प्रभारी प्रफुल्ल गुड्डे, जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढाँड, कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला, गुहला विधायक देवेन्द्र हंस, पुंडरी विधायक विकास सहारण व पुंडरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुल्तान जड़ौला भी शामिल रहे। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज मैं कैथल की इस पवित्र धरती से पूरे देश को बताना चाहता हूं कि हरियाणा में वोट चोरी हुई है, बड़े पैमाने पर वोट चोरी हुई है। हरियाणा के हर कोने में भाजपा द्वारा हर जगह वोट चोरी का एक ही खेल हुआ। लाखों-लाखों फर्जी वोट डाले गए, असली वोटरों के नाम काटे गए। कांग्रेस महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने भाजपा सरकार और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर चौतरफा हमला बोला। सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा में पिछले एक साल में वोट चोरी का खेल चल रहा है और खुद मुख्यमंत्री के संरक्षण में प्रदेश को लूटा जा रहा है। सुरजेवाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने वोट की चोरी तो की है, बल्कि इसके साथ भाजपा और नायब सैनी ने मिलकर हरियाणा में फसल की एमएसपी व मुआवजा चोरी, खनिज की चोरी और कानून व्यवस्था की चोरी भी की है। कानून व्यवस्था की चोरी का आरोप लगाते हुए सुरजेवाला ने कहा कि हरियाणा प्रदेश में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, महिलाएं सुरक्षित नहीं, गुंडागर्दी चरम पर है। पुलिस भाजपा के इशारे पर काम कर रही है। कानून का राज नहीं, गैंगस्टरों का राज चल रहा है। प्रदेश सह प्रभारी प्रफुल्ल गुड्डे ने कहा कि जब देश में अंग्रेजों का शासन था तो कांग्रेस व भारतीयों ने साथ मिलकर देश को आजाद करवाने का काम किया। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस पार्टी, पंडित जवाहरलाल नेहरू, सरदार वल्लभ भाई पटेल, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने मिलकर देश की आजादी के बाद संविधान में एक मजबूत लोकतंत्र को लेकर संविधान में हर नागरिक को वोट के अधिकार को सुनिश्चित किया। हर व्यक्ति अपने मत के माध्यम से एक मजबूत सरकार सुनिश्चित करता था लेकिन आज भाजपा व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोकतंत्र पर हमला बोल रखा है, वोट की चोरी करके देश की आत्मा को कुरेदने का काम किया है। ब्राजील से फर्जी वोट बनाकर हरियाणा के जनादेश का अपमान किया है। अब भाजपा सरकार के वोट चोरी की पोल खुल चुकी है।



कैथल। नगर में प्रदर्शन करते कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

### वोट चोरी लोकतंत्र पर हमला : आदित्य सुरजेवाला

आदित्य ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सही कहा कि हरियाणा में हर 8 में से 1 वोट फर्जी था। 25 लाख वोटों की चोरी हुई है। ये सिर्फ कांग्रेस की हार नहीं है, ये जनता के जनादेश की हत्या है। ये संविधान पर हमला है, लोकतंत्र पर हमला है। इसलिए आज हम सब संकल्प लें कि भाजपा व नरेन्द्र मोदी सरकार यानि वोट चोरों को बेनकाब करेंगे, वोट चोरों को सत्ता से बाहर करेंगे।

### भाजपा को सत्ता से बाहर करने का समय : रामचन्द्र

जिलाध्यक्ष रामचन्द्र गुर्जर ढांड ने कहा कि अंग्रेजों के जैसा रवैया करने वाली नरेन्द्र मोदी व भाजपा सरकार को अब सत्ता से बाहर करने का समय आ गया है। जनता जानती है कि किस तरह से भाजपा व चुनाव आयोग ने मिलकर वोट चोरी से सत्ता हासिल की है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा के वोट चोरी की पोल खोलकर रख दी है, जिसमें चुनाव आयोग की संलिप्तता भी शामिल है। इस विरोध प्रदर्शन में कैथल जिला कॉर्डिनेटर भूपेंद्र लाठर, विक्रम सिंह, बलदेव कश्यप, जगत सिंह पूनिया, सुशीला शर्मा, एडवोकेट पी एल भारद्वाज, मुकेश राणा एडवोकेट, सुरेश रोड, रोशन पाड़ला, राजकुमार बैनीवाल, कविश मिड्ढा, जोरा सिंह सिरसंड, राजेंद्र बलवंती आदि उपस्थित रहे।

---

# पूर्व विधायक लीला राम का आरोप, सुरजेवाला परिवार ने की थी वोट चोरी

- हमने सुरजेवाला द्वारा बनवाए गए 18 हजार फर्जी वोट कटवाए
- वोट चोरी की होती तो कैथल में कांग्रेस के 3 विधायक नहीं बनते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



लीला राम

कैथल में कांग्रेस द्वारा वोट चोरी के मुद्दे पर किए गए प्रदर्शन पर भाजपा नेता व पूर्व विधायक लीला राम ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत में लीला राम गुर्जर ने कहा कि कैथल में फर्जी वोटों के दम पर रणदीप सिंह सुरजेवाला विधायक बने थे। हमने विरोध करते हुए कांग्रेस द्वारा बनाए गए करीब 18 हजार फर्जी वोट कटवाए थे। लीला राम ने कहा कि सुरजेवाला परिवार वोट चोर हैं और आरोप भाजपा पर लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले नरवाना में ये वोट चोरी करती थे, इसके बाद रणदीप सिंह सुर्जेवाला ने कैथल में आकर वर्ष 2009 व 2014 में वोट चोरी की और फर्जी वोटों के आधार पर चुनाव जीता था। हमें पता चला कि कैथल विधानसभा में इन्होंने एक-एक मकान पर 100-100 वोट बनवाए हुए हैं, खाली पड़े प्लाटों पर भी वोट बनाए हुए दिखाए गए हैं। इसके बाद हमने इनकी चुनाव आयोग को शिकायत की थी, इसके बाद अकेले कैथल हलके से करीब 18 हजार वोट काटी गई थी, जो फर्जी पाई गई। लीला राम ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी की बात कर रही है, जबकि सच्चाई ये है कि इनकी जमीन खिसक रही है। आज भाजपा सरकार की नीतियों से जन-जन खुशी है। किसी को नाजायज परेशान नहीं किया जाता। लीला राम ने कहा कि अगर वोट चोरी की होती तो कैथल जिले में चारों सीट भाजपा की होती, लेकिन यहां 3 विधायक कांग्रेस के कैसे बने, पहले इसका जवाब दें कांग्रेस के नेता। इस मौके पर रामकुमार नैन, हरपाल शर्मा, कुशलपाल सैन, सत्तू कठवाड़, विकास कठवाड़ उपस्थित थे।

---

# सीएम राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर पाएं वित्तीय सहायता

- सहायता आवेदन की प्रक्रिया सरल होने से इलाज के लिए 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि अब आर्थिक सहायता के लिए प्रार्थी आवेदक सरल पोर्टल के माध्यम से सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री राहत कोष से मिलने वाली आर्थिक सहायता की राशि सीधे आवेदक या लाभार्थी के बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जानकारी देते हुए बताया कि आवेदक अपनी पीपीपी यानी परिवार पहचान पत्र आईडी के माध्यम से सरल पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए आवेदकों को अपने चिकित्सा बिल, ओपीडी बिल आदि जैसे अन्य संबंधित दस्तावेजों को अपलोड कर मुख्यमंत्री राहत कोष सीएमआरएफ से चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि योजना में किए गए बदलावों के तहत यदि कोई बीमारी आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना में कवर नहीं हो रही है तो आयुष्मान योजना के लाभार्थियों को भी इस योजना के तहत लाभ मिलेगा। सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी का गठन किया गया है।



कैथल। डीसी प्रीति मुख्यमंत्री राहत कोष स्कीम के सदस्यों की बैठक लेते हुए।

### मुख्यमंत्री राहत कोष स्कीम के तहत प्राप्त आवेदनों की त्वरित जांच करें अधिकारी : डीसी प्रीति

**कैथल।** डीसी प्रीति के कार्यालय में मुख्यमंत्री राहत कोष स्कीम के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने के संबंध में गहन विचार-विमर्श किया गया। इस बैठक में कमेटी के सदस्य कैथल विधायक आदित्य सुरजेवाला विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक डीसी प्रीति ने योजना के सुचारू कार्यान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। डीसी प्रीति ने अधिकारियों को आवेदनों की त्वरित जांच और समयबद्ध मंजूरी सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। बैठक में योजना के तहत सहायता के लिए प्राप्त चार केसों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिनमें से सभी नोर्मस पूरे करने वाले दो मामलों को मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता के लिए की अनुशंसा की गई। डीसी प्रीति ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि पात्र व्यक्तियों को समय पर और आसानी से योजना का लाभ मिलना चाहिए। इस योजना के तहत कुल 25 गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। योजना का लाभ लेने के लिए कोई भी पात्र व्यक्ति हरियाणा सरकार के सरल पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। विधायक आदित्य सुरजेवाला ने भी बैठक में सुझाव दिए। इस अवसर पर एसडीएम अजय सिंह, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, कैथल तहसीलदार रविंद्र हुड्डा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

---

# कार्यकर्ताओं के निर्णय अनुसार ही लेंगे फैसला : रणजीत

- आज प्रदेश में भूपेंद्र सिंह हुड्डा ही असली विपक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि हर जिला में वो कार्यकर्ता सम्मेलन कर रहे हैं। बिना पार्टी, बिना प्लेटफार्म, बिना पद, बिना संगठन के इन कार्यकर्ता सम्मेलन में भीड़ उमड़ रही है। जिससे साफ जाहिर है कि उनके पास मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर है। आगामी तीन माह में वो प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे और इसके बाद 15 फरवरी से 15 मार्च के बीच रैली का आयोजन किया जाएगा। जोकि हिसार में होगी। पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला गुरूवार को विश्राम गृह में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में वो कार्यकर्ताओं का मन टटोल रहे हैं कि क्या करना चाहिए। अभी चुनाव में साढ़े तीन साल हैं। कार्यकर्ता जो निर्णय लेंगे उस पर ही वो काम करेंगे। जींद के बाद वो भिवानी में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके बाद पानीपत व गुड़गांव में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें हैं। रणजीत चौटाला ने कहा कि इस समय प्रदेश में मुख्यम विपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ही हैं। वो कह दें कि मैं विपक्ष हूं लेकिन हुड्डा के साथ 37 एमएलए हैं। कोई भी कुछ कह सकता है लेकिन अगर मान्यता प्राप्त कहें तो विपक्ष हुड्डा ही हैं।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला।

### वोट चोरी की बात में दम नहीं

जुलाना में सात दिसंबर जजपा स्थापना दिवस रैली को लेकर कहा कि वो जजपा के स्थापना दिवस पर जाएंगे या नही, इसका फैसला वो अपने विवेक से लेंगे। पूर्व बिजली मंत्री रणजीत चौटाला ने कहा कि परिवार एकजुट होगा तो ताकत बढ़ेगी। यह सबके मानने से होगा। अजय भी मानें, अभय भी माने और मैं भी मानूं तो ही होगा। वोट चोरी को लेकर रणजीत चौटाला ने कहा कि वोट चोरी नही हो सकता है। वोट चोरी के आरोप निराधार हैं। बात वो करनी चाहिए जो लोगों को हज्म हों। वो नही मानते की वोट चोरी की बात में कोई दम है।

---

# एसडी महिला महाविद्यालय प्रांगण में शहीदी दिवस को लेकर हुआ कार्यक्रम

- गुरु तेग बहादुर जी पर शॉर्ट डॉक्युमेंट्री दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एसडी महिला महाविद्यालय प्रांगण में सिखों के नौवें गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस पर शहीद गुरु को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखविंदर पाल सिंह ग्रेवाल रहे जो की एक सक्रिय समाजसेवीए राजनीतिक विशेषज्ञ व स्वतंत्रता सेनानी राजा अजीत सिंह लाडवा मेमोरियल ट्रस्ट के अध्यक्ष के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के कार्यक्रम एडवाइजरी सदस्य भी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्षा डॉ नयनदीप ने की। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ.साथ एक ओंकार वाणी के साथ किया गया। सभागार में गुरु तेग बहादुर जी के महान त्यागए समर्पण व बलिदान पर आधारित एक शॉर्ट डॉक्युमेंट्री मूवी छात्राओं को दिखाई गई जिसमें सिखों के अप्रतिम साहसए वीरता व निर्भीकता की गाथा स्पष्ट झलक रही थी। मुख्य अतिथि ग्रेवाल जी ने सभी से गुरु तेग बहादुर का विस्तृत जीवन परिचय बड़े सुलझे हुए शब्दों में साझा किया और उनके वीर बलिदान से प्रेरणा लेने का संदेश छात्राओं को दिया।





नरवाना। कार्यक्रम में भाग लेते हुए स्टाफ। फोटो: हरिभूमि

### 175 मरीजों ने करवाई निशुल्क स्वास्थ्य जांच

**नरवाना।** श्री सिद्धि विनायक सेवा समिति द्वारा जयराम नेत्रए दंतए प्रसूति एवं सामान्य अस्पताल में वीरवार को निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। इसमें 175 मरीजों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कैम्प में अलवर से कैल्शियम जांच के लिए स्पेशल मशीन मंगवाई गयी। समिति के प्रधान कैलाश सिंगला ने बताया गया कि शिविर का उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना और आमजन को बिना किसी शुल्क के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधा उपलब्ध कराना है। आज की बदलती जीवनशैली के कारण लोगों में हड्डियों की कमजोरीए जोड़ों का दर्दए कमर दर्द तथा महिलाओं में प्रसव के बाद होने वाली स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ रही हैं। ऐसे में समय पर जांच और उपचार आवश्यक है।

### हलके की सड़कें होंगी चकाचकः सतपाल जांबा

**पूंडरी।** विधायक सतपाल जांबा ने वीरवार को गांव फरल के सर्वांगीण विकास को नई दिशा और नई गति देने के लिए 5 करोड़ 28 लाख रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने फल्गु तीर्थ के पीछे गांव की फिरनी, सरकारी स्कूल से रेस्ट हाउस फल्गु तीर्थ तक सड़क निर्माण, फल्गु तीर्थ से खेड़ी मटरवा रोड तक नई सड़क, पूंडरी-ढांड रोड महाराणा प्रताप चौक से गर्ल्स स्कूल फरल तक मार्ग, वीआईपी घाट से डॉ. भीम राव अंबेडकर भवन का पक्के रास्ते का शिलान्यास किया। इन सड़कों पर लगभग 4 करोड़ 36 लाख रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि 52 लाख 23 हजार रुपये की धनराशि से बनी फरल-सोलु माजरा सड़क, 40 लाख रुपये की धनराशि से बनी फरल-खनौदा सड़क का उद्घाटन भी किया।

### राष्ट्रसेवा के पथ पर अग्रसर एनसीसी कैडेट : डॉ. ऋषिपाल

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय, कौल (कैथल) के एनसीसी कैडेटों ने प्राचार्य डॉ. ऋषिपाल के निर्देशन तथा एनसीसी अधिकारी डॉ. सुरभि अदलखा के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महाविद्यालय का नाम रोशन किया। कैडेटों ने 6 नवंबर से 15 नवंबर 2025 तक अरुणाई, पेहवा में आयोजित संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम स्पिरिट का प्रभावशाली परिचय दिया। छात्राओं के प्रदर्शन में विशेष उत्साह देखा गया। रस्साकशी प्रतियोगिता में प्रोमिला, नेहा, स्नेहा, प्राची और महक की टीम ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। ड्रिल प्रतियोगिता में भी प्रोमिला, नेहा, शीला, प्राची और महक ने प्रथम स्थान हासिल कर अनुशासन और तालमेल का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

### तीन व्यक्तियों पर लगाया सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

कैथल। कैथल जिले में गुहला क्षेत्र के एक गांव में करीब 35 वर्षीय विवाहित महिला ने तीन आरोपियों पर उसके साथ छेड़खानी करने और सामूहिक दुष्कर्म के प्रयास करने का आरोप लगाया है महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका करीब 4 साल से रूप नामक युवक के साथ संपर्क था। वह उसके साथ रिलेशन में थी। 16 नवंबर को आरोपी रूप ने उसे अपने सतबीर नामक दोस्त के ऑफिस में बुलाया। वहां पर इन दोनों के अलावा एक अन्य युवक भी मौजूद था। तीनों आरोपियों ने मिलकर उसे कोल्ड ड्रिंक में कोई नशीला पदार्थ पिला दिया, जिससे उसको नशा हो गया। उसके बाद तीनों आरोपियों ने मिलकर उसके साथ छेड़खानी की। जब उसने विरोध किया, तो उसके साथ मारपीट की गई। साथ ही उसे जाति सूचक शब्द भी कहे गए। इस बारे में किसी को बताने पर आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। वह बड़ी मुश्किल से आरोपियों के चंगुल से खुद को छुड़वाकर आई।

### फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूक किया

**कैथल।** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ स्थानीय कृषि विज्ञान केंद्र कैथल द्वारा वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्योदा में विद्यालय स्तरीय फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। केंद्र के वैज्ञानिक तथा शिविर के आयोजक डॉ. अमित कुमार ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने के साथ जमीनों में उपस्थित मित्र कीट भी नष्ट होते है, जो हमारी पैदावार पर विपरीत प्रभाव डालते हैं। पराली का यथास्थान प्रबंधन करके भूमि की जैविक कार्बन को बढ़ा सकते हैं जो भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाने का प्रमुख कारक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे किसानों को संदेश दे कि किसान फसल अवशेष प्रबंधन में कृषि विश्वविद्यालय तथा प्रशासन का सहयोग करे और अपनी भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ाए। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. जसबीर सिंह ने कहा कि रसायन मुक्त खेती आज समय की मांग है तथा किसानों के पास खुद की जमीन हैं, इसलिए वे सौभाग्यशाली है कि वो अपना शुद्ध अनाज व सब्जियां पैदा करके खा सकते हैं। इस शिविर में विद्यालय के अध्यापकगण सुखविंदर सिंह, राजेश सहित करीब 105 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

---

**बैठक** जिला स्तरीय एफएलएन गतिविधियों की समीक्षा बैठक हुई

जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने दिए दिशा-निर्देश

# सभी 423 प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को सटीक ज्ञान उपलब्ध करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला शिक्षा विभाग के तहत वीरवार को बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला समन्वयक एफएलएन राजेश वशिष्ठ ने कार्यग्रहण के उपरांत जिले के सभी खंडों के ब्लॉक कॉर्डिनेटरों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की। बैठक का उद्देश्य जिले में चल रही एफएलएन गतिविधियों की प्रगति का मूल्यांकन करना और आगामी कार्ययोजना तैयार करना रहा। बैठक की शुरुआत में सभी ब्लॉक कॉर्डिनेटरों ने अपने-अपने खंडों में चल रही एफएलएन गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विद्यालय स्तर पर आयोजित शिक्षण-सीखने की गतिविधियों, बच्चों की सीखने की उपलब्धियों, शिक्षकों के प्रशिक्षण, और समुदाय की भागीदारी से संबंधित रिपोर्ट सांझा की। जिला समन्वयक राजेश वशिष्ठ ने सभी कॉर्डिनेटरों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि एफएलएन मिशन का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक कक्षाओं के बच्चों को भाषा और गणित में बुनियादी दक्षता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के सभी 423 प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को सटीक ज्ञान, खेल-खेल में शिक्षा, और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों के माध्यम से सीखने के अवसर उपलब्ध कराना रहेगा।



जींद। बैठक में भाग लेते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सुधारात्मक कदम उठाएं

राजेश वशिष्ठ ने कहा कि प्रत्येक विद्यालय में नियमित एफएलएन विजिट की जाएगी ताकि शिक्षण की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया जा सके और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकें। राजेश वशिष्ठ ने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे बच्चों के सीखने के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए समर्पण और नवाचार के साथ कार्य करें। उन्होंने कहा कि निपुण मिशन बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण स्तर को बढ़ाने का कार्य कर रहा है। यह मिशन केवल एक सरकारी योजना नही बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक जन आंदोलन है। बैठक में उपस्थित ब्लॉक कॉर्डिनेटर अमनदीप, प्रवीण, बलराज, सुमन और पुष्पा ने भी अपने विचार रखें।